# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-186 | सागवाड़ा, रविवार, 13 मार्च, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, टक्कर के बाद बाइक में लगी आग

## बाइक सवार 2 लोगो की हुई मौत

**सीमलवाड़ा।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में सरथुना-कालियाकुआ मार्ग पर कालियाकुआ के पास एक पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। वही हादसे में बाइक सवार दो लोगो की मौत हो गई।

धम्बोला थाने के थाना अधिकारी भैया लाल आंजना ने बताया की वाणिया तालाब गांव निवासी 22 वर्षीय जीवराम पुत्र दिनेश सरपोटा अपने दोस्त पाडला माना रोत निवासी 21 वर्षीय गोवर्धन पुत्र कांतिलाल डामोर किसी काम से सरथुना के पास कालियाकुआ बाइक पर जा रहे थे इस दौरान कालियाकुआ के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। हादसे में जीवराम सरपोटा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गोवर्धन डामोर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही हादसे के बाद पिकअप चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। वही ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी सरथुना पुलिस चौकी को दी। सूचना पर सरथुना पुलिस चौकी से हैड कांस्टेबल राजाराम व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे जहां पर पुलिस ने गम्भीर घायल को सीमलवाड़ा अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उपचार के दौरान गंभीर घायल गोवर्धन की भी मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को सीमलवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बताया की मृतक जीवराम व गोवर्धन दोनो अच्छे दोस्त थे। वही डूंगरपुर एसबीपी कॉलेज में सेकेंड ईयर के छात्र थे। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कल सुबह करवाया जाएगा। वही पुलिस पिकअप चालक की तलाश कर रही है।

# भटोली में 1100 लीटर महुआ वाश नष्ट, 35 लीटर देशी महुआ शराब जब्त

## हथकड़ शराब के खिलाफ डीएसटी का एक्शन, नाले पर भट्टियां जलाकर बन रही थी अवैध हथकड़ शराब

**आसपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने साबला थाना क्षेत्र के भाटोली गाँव में दबिश दी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने अवैध हथकड़ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1100 लीटर महुआ वाश व भट्टियो को नष्ट किया। वही पुलिस की स्पेशल टीम ने मौके से 35 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की है। इधर आरोपी मौके से फरार हो गया।

डूंगरपुर जिले की पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीप दान चारण ने बताया की डूंगरपुर जिले के जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया की इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिये आज साबला थाना क्षेत्र के भाटोली गाँव में नाले के पास अवैध रूप से हथकड़ देशी महुआ शराब बनाने की सुचना मिली थी। मुखबिर से मिली सुचना पर डीएसटी के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, महावीर, मुकेश यशपाल सिंह, चालक पंकज की टीम ने डूंगरपुर से रवाना होकर भाटोली गाँव में दबिश दी।

इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने भाटोली गाँव में नाले के आसपास घेराबंदी कर अवैध शराब बनाने वालो पर दबिश दी, लेकिन झाड़ियों की आड़ में आरोपी फरार हो गए। पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीप दान चारण ने बताया नाले के किनारे शराब बनाने की अवैध भट्टियां चल रही थी। इन भट्टियों पर मटके रखकर महुआ वाश को उबाला जा रहा था। जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने मौके पर मौजूद शराब की भट्टियो को नष्ट किया। वही विभिन्न मटकों, प्लास्टिक के ड्रमो में भरा करीब 1100 लीटर महुआ वाश भी नष्ट किया। इधर पुलिस की स्पेशल टीम ने मौके से 35 लीटर निर्मित देशी महुआ शराब को भी जब्त किया।

वही इसके अलावा पुलिस की स्पेशल टीम ने देशी शराब बनाने के ड्रम व दूसरे सामान भी जब्त कर लिए है। पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीप दान चारण ने बताया जब्त शराब को साबला थाना पुलिस को सुपुर्द किया। इधर साबला थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# पुरानी पेंशन बहाली पर कर्मचारियों ने डूंगरपुर में निकाली धन्यवाद रैली

## स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में प्रदेश के तीन मंत्री हुए शामिल

**डूंगरपुर।** जिले के विभिन्न शिक्षक व कर्मचारी संगठनों की ओर से राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन लागू करने पर डूंगरपुर शहर में धन्यवाद रैली निकाली गई। वही स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आमसभा का आयोजन हुआ। जिसमे प्रदेश के मंत्री महेंद्र मालवीया, अर्जुन बामनिया व शंकर यादव शामिल हुए। इस दौरान कर्मचारियो ने मुख्यमंत्री अशोक द्वारा पुरानी पेंशन लागु करने पर सीएम व कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश के तीनों मंत्रियो का आभार जताया। पुरानी पेंशन बहाली पर कर्मचारियों ने डूंगरपुर शहर के आदिवासी छात्रावास से धन्यवाद रैली निकाली। धन्यवाद रैली आदिवासी छात्रावास से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी और स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में जाकर रैली सम्पन्न हुई। वही इसके बाद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आम सभा का आयोजन हुआ। आम सभा में प्रदेश के सिंचाई मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालविया, टीएडी मंत्री अर्जुन बामणिया, राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा व कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया शामिल हुए। इस मौके पर न्यू पेंशन स्कीम एम्प्लॉयी फेडरेशन के प्रदेश समन्वयक विनोद चौधरी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयालसिंह, जितेंद्र बियोला सहित राज्य कर्मियों ने अपने उदबोधन में कहा कि अशोक गहलोत ने उनकी वाजिब मांग को स्वीकार किया और एक बार फिर से पुरानी पेंशन योजना शुरू की है और इसका एहसान कभी चुकाया नही जा सकता। वही आमसभा को मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालविया ने संबोधित किया। अपने संबोधन में मालविया ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों की बुढ़ापे की लाठी होती है और केंद्र की वाजपेयी सरकार ने उसे छीन लिया था। लेकिन उस लाठी रूपी संबल देने का काम प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया है। ऐसे में उन्होंने कहा की कर्मचारियों का भी फ़र्ज़ बनता है कि वे सरकार के प्रति अपनी ईमानदारी निभाये। वही इस मौके पर मंत्री अर्जुन बामनिया ने कहा कि कर्मचारियों को उनके 14 साल के वनवास के बाद फीर से खुशियां मिली है ऐसे में वे जब तक जिये तब तक कांग्रेस के साथ रहे। सभा में राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव ने कहा की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जैसा संवेदनशील मुख्यमंत्री कोई नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के किसान, युवा, कर्मचारी प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखा है ऐसे में अब समय हमे उनका ध्यान रखने का है। इधर इस मौके पर विधायक गणेश घोघरा ने कर्मचारियों से डेढ़ साल बाद आने वाले विधानसभा चुनाव में गहलोत को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का आव्हान किया।

# सब इंस्पेक्टर अपने ही बेटे से करवा रहा था हाथी दांत की तस्करी

**जयपुर।** राजस्थान एसओजी ने हाथी दांत की तस्करी में उत्तर प्रदेश (यूपी) पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों से करीब 3 करोड़ रुपए कीमत के 30 किलोग्राम हाथी दांत के 35 नग और 165 ग्राम हाथी दांत का पाउडर, एक लोडेड रिवॉल्वर (मय 6 कारतूस) बरामद किया है। एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि रविवार सुबह जयपुर में तस्करों के हाथी दांत या फिर शेर व बघेरे की खाल लेकर आने की सूचना मिली। डीआइजी सत्येन्द्र सिंह के सुपरविजन में और निरीक्षक गजेन्द्र शर्मा के नेतत्व में टीम बनाई गई। सूचना पर टीम सिंधीकैम्प से पोलोविक्ट्री होते हुए गवर्नमेंट हॉस्टल पहुंची, तभी मुखबिर ने बताया कि तस्कर बिना नंबर की काले रंग की स्कार्पियो में जालूपुरा की तरफ गई है। स्कार्पियो में एक तस्कर ने पुलिस की वर्दी पहन रखी है। जालूपुरा में तस्करों की स्कार्पियो मिल गई। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। वाहन में 30 किलोग्राम के 35 नग हाथ दांत, 165 ग्राम हाथी दांत पाउडर रखा मिला। आरोपियों से 1.50 लाख रुपए भी मिले। निरीक्षक गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व ने टीम आरोपियों को एसओजी मुख्यालय ले गई और पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हाथी दांत की कीमत करोड़ों रुपए बताई गई है। एक किलो हाथी दांत की कीमत करीब 8 से 10 लाख रुपए बताई जाती है।

# सर्वसम्मति से बिछीवाडा प्रधान देवराम रोत बने डूंगरपुर प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष

**डूंगरपुर।** जिले की सभी 10 पंचायत समितियों के प्रधानों की बैठक मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में प्रधान संघ के चुनाव पर चर्चा करते हुए जिले के बिछीवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान देवराम रोत को सर्वसम्मति से प्रधान संघ का अध्यक्ष चुना गया।

अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधान देवराम रोत ने राजनीति से ऊपर उठ कर संघ के लिए काम करने की बात कही। सीमलवाड़ा प्रधान कारीलाल ने बिछीवाड़ा प्रधान देवराम रोत को प्रधान संघ डूंगरपुर का जिला अध्यक्ष चुनने का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी प्रधानों ने सहमति जताई। इसके बाद बिछीवाडा प्रधान देवराम रोत को डूंगरपुर प्रधान संघ का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। इधर देवराम रोत के जिलाध्यक्ष चुने जाने के बाद सभी प्रधानों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया वही अध्यक्ष देवराम ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा भी की। देवराम रोत ने झोंतरी प्रधान अनीता रोत एवं डूंगरपुर प्रधान कांता देवी कोटेड को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा वही साबला प्रधान ललिता मीणा को कोषाध्यक्ष, गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी को महामंत्री एवं सागवाड़ा प्रधान ईश्वरलाल चरपोटा को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इधर डूंगरपुर जिला प्रधान संघ का अध्यक्ष बनने पर देवराम रोत ने संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधान देवराम रोत ने कहा कि प्रधानगण जिले के सभी पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, सरपंचों ओर अधिकारियों से तालमेल रखते हुए काम करें।

# 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आन्दोलन की राह पर सरपंच संघ

## जिलेभर में पंचायतो पर होगी तालेबंदी, 22 मार्च को होगा विधानसभा घेराव

**डूंगरपुर।** जिला सरपंच संघ सरपंचो की 13 सूत्रीय मांगो को लेकर आन्दोलन की राह पर चल पड़ा है। जिसके तहत सरपंच संघ की ओर से कल 14 मार्च को जिले की सभी पंचायतो पर तालेबंदी की जायेगी। वही 22 मार्च को जयपुर में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इधर अपनी मांगो को लेकर सरपंच ने चौरासी विधायक राजकुमार रोत को ज्ञापन देकर सरकार से मांगो को पूरा करने की मांग की है।

जिले के सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष लीलाराम वरहात ने बताया की जिलेभर के सरपंच अपनी 13 सूत्रीय मांगो को पूरा करने की सरकार से लम्बे समय से मांग कर रहे है। लेकिन सरकार की ओर से उनकी मांगो पर सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया की सरकार की ओर से समय पर बजट नहीं मिलने से पंचायतो में विकास काम ठप पड़ गए है जनता परेशान है। उन्होंने कहा की सरकार की ओर से ग्राम पंचायतो के विकास के लिए छठे राज्य वित्त आयोग की वित्तीय वर्ष 2021-22 की 3 हजार करोड़ रुपए व 15 वे वित्त आयोग की द्वितीय किश्त 1500 करोड़ रुपए जारी नहीं है जिसके चलते पंचायतो में विकास कार्य अटके पड़े है। वही सरपंच संघ के अध्यक्ष लीलाराम वरहात ने बताया की इसके अलावा भी कई मांगे जो आज तक पूरी नहीं हुई है। जिसमे सरपंचो का मानदेय 4 हजार से 15 हजार करने, वार्ड पंचो, पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य का भत्ता बढाने, नरेगा में मेट, कारीगर व सामग्री का भुगतान करने, मनरेगा में श्रमिको के कार्य दिवस 100 से बढाकर 200 दिन करने, ग्राम पंचायतो के विकास की राशि में से पंचायत सहायको, कोविड हेल्थ सहायक, सुरक्षा गार्डो का मानदेय के भुगतान के प्रावधान को निरस्त कर मानदेय के लिए अलग से बजट पंचायतो को देने सहित अन्य मांगे शामिल है। अध्यक्ष लीलाराम वरहात ने बताया की सरपंच संघ इन मांगो के लिए लम्बे समय से सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहा है लेकिन सरकार का रुख अभी सकारात्मक नहीं दिखा है। ऐसे में डूंगरपुर सरपंच संघ अब आन्दोलन करने को मजबूर है। उन्होंने बताया की अपने आन्दोलन की कड़ी में आज सभी विधायको को ज्ञापन दिए गए है। वही कल सरपंच संघ की ओर से जिले की प्रत्येक ग्रामपंचायत पर तालाबंदी की जाएगी और फिर भी यदि उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो 22 मार्च को जयपुर में डूंगरपुर सहित प्रदेशभर के सरपंच एकत्रित होंगे और विधानसभा का घेराव करेंगे।

# मोदी और योगी का होर्डिंग्स हटाने पर भाजपा का हंगामा

## बीती रात को गोल चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, विरोध पर रात को ही लगाया होर्डिंग

**डूंगरपुर।** सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में मैन रोड गोल चौराहा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी के होर्डिंग हटाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। भाजपा ने देश के प्रधानमंत्री के अपमान का आरोप लगाते हुए होर्डिंग को फिर से लगाने की मांग रखी।

यूपी में भाजपा की जीत के बाद सागवाड़ा के मुख्य बाजार में गोल चौराहा रोड पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का होर्डिंग लगाया गया था। इस होर्डिंग को शनिवार रात के समय उतार दिया। उसकी जगह पर दूसरा होर्डिंग लगा दिया गया। ये खबर जैसे ही भाजपा कार्यकर्ताओं तक पहुंची तो वे मुख्य बाजार में होर्डिंग के पास जमा हो गए। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम भट्ट, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पाटीदार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सरकार और नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सागवाड़ा नगर पालिका पर राजनैतिक द्वेषता से प्रधानमंत्री व यूपी के होर्डिंग को हटाने के आरोप लगाए।

भाजपा कार्यकर्ताओं के हंगामे की सूचना पर सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी समेत पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने आक्रोशित लोगों से समझाइश की। श्याम भट्ट ने कहा की देश के प्रधानमंत्री का होर्डिंग हटाकर देश का अपमान किया है। उन्होंने बताया की इस बारे में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया से भी बात की लेकिन वे भी होर्डिंग नही हटाने की बात कहने लगे। आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने रातों रात होर्डिंग लगाने की मांग को लेकर सड़क पर ही बैठ गए। वापस होर्डिंग लगने के बाद कार्यकर्ता माने और मामला शांत हुआ।

# होली पर पर्याप्त मात्रा में होगी पेयजल सप्लाई:डॉ. जोशी

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) द्वारा होली के त्यौहार पर धुलंडी के दिन हर वर्ष की भांति अतिरिक्त पेयजल की आपूर्ति होगी। अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जयपुर-द्वितीय मनीष बेनीवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी द्वारा होली सहित सभी पर्व एवं त्यौहारों पर लोगों की अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार पेयजल आपूर्ति एवं टैंकरों द्वारा पेयजल परिवहन कार्य को निर्बाध रूप से जारी रखने के निर्देश पूर्व में ही दिए जा चुके हैं।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जयपुर-द्वितीय ने बताया कि जल परिवहन कार्यों के लिए वर्तमान में 3.45 करोड़ रुपये की स्वीकृति एवं पर्याप्त बजट उपलब्ध है। सभी अधिशासी अभियंताओं को नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही के सम्बंध में निर्देश दिए गए हैं।

कहीं पर भी टैंकरों द्वारा जल परिवहन के कार्य के बिलों के नियमानुसार भुगतान में व्यवधान जैसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि मुख्य अभियंता कार्यालय एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता कार्यालय सहित जयपुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालयों (उत्तर/दक्षिण) में संवेदकों द्वारा कोई ज्ञापन टैंकरों से जल परिवहन के भुगतान के सम्बंध में प्राप्त नहीं हुआ है।

# महिला मंडल ने मनाया फागोत्सव

**निवाई।** गोपी एवं सिया महिला सत्संग मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राधा गोपीनाथ मंदिर परिसर में फागोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुंभारभ मंदिर पुजारी प्रहलाद पारीक ने भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी सुरेश पारीक ने भगवान राधा गोपीनाथ का आकर्षक श्रृंगार कर भव्य झांकी सजाई। फागोत्सव में महिलाओं ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने बरसाने की लठमार होली, फूलों की होली, अबीर गुलाल के संग होली खेली। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आओं सखी होली खेले नंदलाल से आदि भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फागोत्सव में फूलों, गुलाल, अबीर से महिलाओं ने होली खेलकर भगवान के समक्ष सामूहिक नृत्य किया। कार्यक्रम में महिला पदाधिकारियों ने सभी महिलाओं का स्वागत कर गुलाल लगाई।

# शशि थरूर ने कांग्रेस में बदलाव की मांग उठाई

**जयपुर।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद जी 23 एक बार फिर सक्रिय हो गया है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि दो साल पहले कुछ साथी पार्टी को सक्रिय करने के लिए आगे आए थे। 2 साल में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। दो साल पहले कोविड-19 के लॉकडाउन के बावजूद दिल्ली आ सके ऐसे साथियों ने एक चिट्ठी लिखी थी। इसमें जी हजूरी नहीं थी। वे चाहते थे कि पार्टी अच्छी हो जाए। ज्यादा एक्टिव हो जाए। इसीलिए उनके साथी लिखकर ये बताना चाहते थे कि पार्टी को रिवाइव करने का कोई उपाय निकले। इस बात को 2 साल हो चुके हैं, अब तक कोई ज्यादा बदलाव हो नहीं पाए हैं। इसलिए कह रहे हैं कि कुछ प्रोग्रेस होनी चाहिए। कुछ बदलाव होने चाहिए। थरूर जेएलएफ (जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल) के सेशन में बोल रहे थे। यूपी के रिजल्ट को लेकर थरूर ने कहा कि बहुत से लोग इंतजार नहीं कर रहे थे कि भाजपा बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। कैसे बनी इस पर मंथन किया जा रहा है। ये भी मानना चाहिए कि समाजवादी पार्टी का वोट बहुत बढ़ गया। इससे एक अच्छा विपक्ष भी होगा। उन्होंने मोटिवेशनल स्पीकर के तौर पर पार्टी को मोटिवेट करने के सवाल पर कहा कि वो एक देश प्रेमी है। वो भारत को अच्छे नजरिए से महान देखना चाहते हैं। बड़ी छाती और मसल्स के नजरिए से नहीं, एजुकेशन और बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए अभी भी संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर थरूर ने कहा कि वो जबरदस्त और डायनामिक व्यक्ति हैं।

# हार से कांग्रेस घबराने वाली नहीं : गहलोत

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने पांच राज्यों में कांग्रेस की हार को लेकर कहा हैं कि राजनीति में कई तरह की परिस्थिति बन जाती हैं, उससे घबराना नहीं चाहिए। उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। यही भारतीय जनता पार्टी जो आज सत्ता में हैं, इनको 542 में से सिर्फ 2 लोकसभा सीटें मिली थीं वो भी दिन हमने देखा है। इसलिए चुनाव में हार-जीत होती रहती है, हम उनसे घबराते नहीं हैं और कांग्रेस का इतना लंबा अनुभव है देश के लिए, आजादी के पहले का भी, बाद का भी, कांग्रेस का कैडर घबराने वाला नहीं हैं। गहलोत आज दिल्ली में सीडब्ल्यूसी की बैठक में हिस्सा



लेने आए है। गहलोत ने वहां मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं में दमखम है। ये कोई जीत है क्या? आप अगर धर्म के नाम पर राजनीति करो, ध्रुवीकरण कर दो, उसके बाद में क्या बचता है? देश के अंदर आप हिंदुत्व, ध्रुवीकरण, ये करके कुछ भी कर सकते हो। गहलोत ने कहा कि महानता तो उसके अंदर है कि जो धर्मनिरपेक्षता की बात करें, सबको साथ लेकर चलने की बात करें। हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई-पारसी-जैन, जातियां सभी को साथ लेकर चले, तभी तो देश एक रहेगा, अखंड रहेगा और अगर हम लोग जातिवाद फैलाएंगे, धर्म के नाम पर राजनीति करेंगे और ध्रुवीकरण कर देंगे राजनीति का, क्या बचता है? गहलोत ने एक सवाल के जवाब में कहा कि चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई पीछे छूट गई और दूसरे मुद्दे हावी हो गए। लोगों को बांटकर चुनाव लड़ा गया। यही हुआ है, सब जगह यही हुआ है। कुछ गलतियां हमसे भी हुई हैं, पंजाब के अंदर आपस में ही कांग्रेस की आपस में जो नाइत्तेफाकी हुई, या आपस में जो आरोप-प्रत्यारोप लगते रहे, तो जनता ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस की नीतियों को, उसके कार्यक्रमों को, सिद्धांतों को अस्वीकार नहीं किया हैं, जो लोकल स्थितियां होती हैं।